## महत्वपूर्ण एवं खास

### 10 वीं के छात्र की धारदार हथियार से हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**सुरजपुर (आरएनएस)।** सूरजपुर जिले में 10वीं के छात्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। छात्र शुक्रवार देर रात तक घर में पढ़ाई कर रहा था। सुबह उसके घरवालों को घर से एक किलोमीटर दूर झाड़ियों में खून से लथपथ लाश मिली है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, बृजनगर निवासी रितिक राजवाड़े (15) पिता राजेंद्र प्रसाद राजवाड़े निवासी बृजनगर गांव जयनगर थानांतर्गत लटोरी चौकी जो कक्षा 10वीं का छात्र है। शुक्रवार रात वह रोज की तरह वह घर में पढ़ाई कर रहा था। रात करीब 11 बजे उसे पढ़ाई करता छोड़ परिजन सोने के लिए चले गए। इसी दौरान अचानक वह लापता हो गया। सुबह करीब 3 बजे जब परिजनों की आंख खुली तो रितिक के कमरे का दरवाजा खुला देख अंदर गए, जहां रितिक नहीं था। इस पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन में घर से करीब 1 किमी दूर उसकी खून से लथपथ लाश झाड़ियों के बीच मिली है। परिजनों को रितिक के गले और माथे पर किसी धारदार हथियार से हमला करने के निशान मिले हैं। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन के लिए फ रेंसिक की टीम और डॉग स्क्वायड की भी मदद ली, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नही मिला है। पुलिस जांच में जुटी है।

### टिकट की कालाबाजारी करते 2 दलाल गिरफ्तार,रेलवे पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** भाटापारा बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड में रेलवे टिकट रिजर्वेशन से संबंधित 2 दलालों को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पलारी ब्लॉक में कम्प्यूटर सेंटर की आड़ में इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा था, जिसकी शिकायत पर भाटापारा रेलवे सुरक्षा बल ने पलारी पहुंचकर इस अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया। पलारी विकासखंड में सिद्धांत कम्प्यूटर सेंटर से रेलवे टिकट रिजर्वेशन के अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता था। आरपीएफ ने दो लोगों को मामले में गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ होनी है। आरपीएफ की टीम ने जब सिद्धांत कम्प्यूटर्स में दबिश दी, तो आरोपियों के कब्जे से 44 रिजर्व टिकट बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 47 हजार रुपए बताई जा रही है।

### नशीला टेबलेट के साथ 2 गिरफ्तार,नार्कोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** नशीला टेबलेट बेचने की सुचना पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 नग टेबलेट जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक धरसींवा थाना पुलिस ने 25 सितंबर को शाम 5 बजे के करीब कूरां रोड रोहित सेलून के पास घेराबंदी कर दो लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी लने पर आरोपी के कब्जे से 50 नग नशीला टेबलेट 5 पत्ता अनुमानित कीमत 226 रुपये को जब्त की है। पुछताछ करने पर उसने उन्होंने अपना नाम अविनाश गोस्वामी पिता रमेश गिरी गोस्वामी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम रैता तथा प्रेमलाल पात्रे पिता गंगा प्रसाद पात्रे 32 वर्ष बताया है जिन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 22 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ली है।

# 56 प्रतिशत से अधिक लोगों को लगा कोविड टीके का का दूसरा डोज

**» शहरी क्षेत्र में टीका महा-अभियान सोमवार को**

**» शहरी क्षेत्र में डोर-टू-डोर लगाया जाएगा टीका : डॉ राकेश वर्मा**

**रायगढ़ ।** रविवार तक जिले के 56 फीसदी से अधिक लोगों ने कोविड टीके का दूसरा डोज लगवा लिया है। दूसरे डोज के लिए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में महाभियान चलाया जाएगा जिसमें सिर्फ शहर में 10,000 टीके के लिए 48 सेशन प्लान किये गए हैं। सोमवार को स्वास्थ्य अमला पूरी ताकत के साथ तय लक्ष्य को पूरा करने उतरेगा।

स्वास्थ्य विभाग के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा के अनुसार 20 अगस्त को शत प्रतिशत टीकाकरण पूरा करने के बाद दूसरी डोज लगाने के मामले में भी जिला प्रदेश में अव्वल है। अब दूसरी डोज का टारगेट पूरा करने को सोमवार को शहरी क्षेत्र में महाअभियान चलाया जा रहा है जिसमें शुरुआत के तीन घंटे तक केंद्रों में ही टीका लगाया जाएगा, तय लक्ष्य के अनुसार यदि हितग्राही नहीं आए तो हम उनके घर जाकर टीका लगाएंगे। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। कोविड के दूसरे डोज से पूरे जिले को पूर्ण रूप से टीकाकृत करने का स्वास्थ्य विभाग का सबसे पहला लक्ष्य है।



स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 26 सितंबर रविवार तक जिले में 5.84 लाख लोगों को कोविड टीके का दूसरा डोज लग चुका था। जिसमें सर्वाधिक 68.3 प्रतिशत तमनार शहर में और सबसे कम 38 प्रतिशत सारंगढ़ ब्लाक में लगा है। बरमकेला में 65 प्रतिशत, पुसौर में 63.5 प्रतिशत, घरघोड़ा में 57.8 प्रतिशत, लोईंग में 60.5 प्रतिशत, रायगढ़ शहर में 60.7 में 65 प्रतिशत, खरसिया में 58.3 प्रतिशत, धरमजयगढ़ में 50 प्रतिशत और लैलूंगा में 46.8 प्रतिशत लोगों ने टीका पूर्ण रूप से कोविड का टीका लगा लिया है।

पहली डोज में शहर से आगे रहने वाले ग्रामीण इलाके दूसरी डोज के मामले में पीछे चल रहे हैं। कोरोना के मामले कम होने के बाद लोग ढिलाई बरत रहे हैं।

**स्वास्थ्य विभाग टीके को लेकर गंभीर-** सीपीएम डॉ. राकेश वर्मा ने बताया टीकाकरण में लगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में वैक्सीनेशन को लेकर गंभीरता कम नहीं हुई है। जब तक हर व्यक्ति को दूसरा डोज नहीं लग जाता तब तक हमें इसी तरह काम करना है। एक-एक व्यक्ति को फोन किया जाता है लेकिन कुछ लोग नही आते हैं। कोई काम में लगे होने और समय मिलने पर आने की बात कहता है तो कोई बुखार हुआ तो छुट्टी लेने की मजबूरी की बात कहता है। इसलिए हमने अब घर-घर जाकर टीका लगाने का प्लान किया है। आशा है हम शीघ्र ही कोविड टीके के दूसरे डोज लगाने में पूरी आबादी को सफल हो पाएंगे।

## जल्द होगा लैलूंगा दोहरे हत्याकांड का खुलासा : पुलिस को मिले अहम सुराग



**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के लैलूंगा ब्लाक में हुए कांग्रेस नेता और स्थानीय व्यापारी की दोहरे हत्याकांड का खुलासा पुलिस जल्द ही करेगा। इस हत्याकांड के बाद लगातार इलाके के लोगों में दहशत व्याप्त है। घटना के विभिन्न पहलुओं को गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर पुलिस की टीम आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है।

**सोमवार को हो सकता है खुलासा :-** स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस कांड को तीन लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा है लेकिन सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किये जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार इस वारदात में तीन लोगो के शामिल होने की खबर है जो पास के ही एक गांव के रहने वाले हैं।

**लूटपाट की आशंका :-** बताया जा रहा है कि आरोपियों में नाबालिग लड़के भी शामिल हैं। पुलिस को पूरा अंदेशा है कि हो न हो उक्त घटना को अंजाम लूटपाट के नीयत से ही दिया गया है। हालांकि इस पूरी घटना की पुष्टि पुलिस ने नहीं की है।

## दिव्यांग प्रशिक्षण केंन्द्र में छात्राओं से हुए दुष्कर्म मामले में बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान, कलेक्टर व एसपी को नोटिस जारी

**» तीन दिन के भीतर कर मांगा जवाब**

**जशपुर (आरएनएस)** जिले के दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांग छात्राओं से हुए दुष्कर्म और छेड़छाड़ मामले में अब राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में जिले के कलेक्टर और एसपी को नोटिस जारी किया है। आयोग ने 6 बिंदुओं पर 3 दिनों के भीतर जबाव मांगा है।

बता दें कि जिल के समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में यौन शोषण का मामला सामने आया था। 22 सितंबर की रात एक दिव्यांग छात्रा के साथ दुष्कर्म और 5 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की पुष्टि हुई थी। छात्राओं ने 2 कर्मचारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।



एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने इस मामले में दिव्यांग बच्चियों से बयान लिया है। साथ ही पुलिस ने 2 आरोपी कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि कलेक्टर महादेव कावरे ने इस मामले पर कार्रवाई करते हुए अधीक्षक संजय राम को सस्पेंड किया गया था। इसके बाद समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुचिता मिंज को इसका प्रभार दिया गया है।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना के संबंध में विकासखण्डवार हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़ ।** राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रायगढ़ जिले में कलेक्टर भीम सिंह ने शत-प्रतिशत ऑनलाईन इंद्राज करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में जिले के समस्त मैदानी अमलों की समीक्षा बैठक आज उप संचालक कृषि, रायगढ़ के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सारंगढ़, बरमकेला एवं पुसौर विकास खण्ड का सुबह 9 बजे से एवं रायगढ़, खरसिया एवं तमनार विकास खण्ड का सुबह 10:30 बजे से समीक्षा किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार ऑनलाईन सत्यापन एवं समिति में जमा



आवेदन की समीक्षा की गई। अल्प प्रगति वालों को समय-सीमा में दर्ज नहीं करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

बैठक में विकास खण्ड वार पंजीयन हेतु प्रति दिवस लक्ष्य निर्धारित कर सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को प्रति दिन प्रगति से अवगत कराने एवं 15 अक्टूबर के पूर्व समस्त कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जमीन बंटवारा एवं नामांतरण से संबंधित समस्त राजस्व प्रकरण कृषकों द्वारा पटवारियों को आवेदन देकर निराकरण कराने बताया गया तथा उक्त कृषकों की सूची उप संचालक कृषि, रायगढ़ को भेजने हेतु निर्देशित किया गया ताकि राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निराकरण कराया जा सके। मैदानी अमलों का योजना से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। सत्यापन एवं पंजीयन की कार्यवाही समय-सीमा में नही करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। इसी कड़ी में दिनांक 27 सितम्बर 2021 को सुबह 10 बजे से विकास खण्ड धरमजयगढ़, लैलूंगा एवं घरघोड़ा का बैठक आयोजित है।

बैठक में उपसंचालक कृषि एल.एम.भगत, उप पंजीयक सहकारी संस्थाए सुरेन्द्र सिंह गोंड़, सहायक संचालक कृषि अजय कुमार जायसवाल, हरिश कुमार राठौर अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायगढ़/सारंगढ़ एवं विकास खण्ड से सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## चक्रवाती तूफान गुलाब का असर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में

**» मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, होगी बारिश**

**रायपुर (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफ ान 'गुलाब के कारण बंगाल की खाड़ी से उठ रहा चक्रवाती तूफान ओडिशा और आंध्र प्रदेश की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव ओडिशा के गोपालपुर से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के बीच होने की संभावना जताई जा रही है। बंगाल में भी भारी बारिश के आसार हैं। चक्रवाती तूफ ान 'गुलाब के असर को देखते हुए कई राज्यों के मौसम विभाग ने अधिसूचना जारी की है। कई जिलों में अगले तीन दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है, इसे लेकर मौसम विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों के दौरान समुद्र में ऊंची लहरें उठेंगी और ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में



मछुआरों को 25 से 27 सितंबर तक बंगाल की खाड़ी के पूर्वी-मध्य और उत्तरपूर्वी क्षेत्र में समुद्र में न जाने को कहा गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान 'गुलाब' रविवार की सुबह तक पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर केंद्रित था, जो ओडिशा के गोपालपुर से लगभग 270 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व और आंध्र प्रदेश में कलिंगपट्टनम से 330 किमी पूर्व में है।

**दक्षिण छत्तीसगढ़ के कई जिलों में होगी बारिशः-** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफ ान गुलाब के कारण छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भी इसका व्यापक असर हो सकता है मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर बताया कि दक्षिण छत्तीसगढ़ जैसे बस्तर के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है इसके साथ ही मध्य छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश तथा उत्तर छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं के साथ बारिश की भी संभावना जताई है।

**विशाखापट्नम एक्सप्रेस रद्द-** उड़ीसा एवं विशाखापट्नम के बीच चक्रवाती तुफान गुलाब के मद्देनजर रेलवे ने आज अनेक गाडियों को या तो रद्द कर दिया है या परिवर्तित से चलाने का फैसला किया है।

रद्द ट्रेनों में कोरबा एवं विशाखापट्नम से चलने वाली स्पेशल ट्रेन विशाखापट्नम.कोरबा.विशाखापट्नम एक्सप्रेस क्रमांक 08518/08517 शामिल है। अतः यह ट्रेन आज बंद रहेगी। इसी प्रकार विशाखापट्नम एवं रायपुर से चलने वाली विशाखापट्नम रायपुर स्शपेशल ट्रेन को रद्द करने के साथ ही पूरी .पोखा स्पेशल ट्रेन को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। यह ट्रेन खुरदा रोड, अंगूल, संबलपुर, टिटलागढ़, लखोली, बल्हारशाह होकर रवाना की गई।

## लाइनमैन मौत मामला : तत्काल मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति की मांग

**» परिजनों ने कहा-मिलेगा सिर्फ आश्वासन**

**रायपुर (आरएनएस)।** गत दिनों करंट लगने से हुई बिजली लाइनमैन की मौत के मामलें में मृतक लाइनमैन के परिजनों ने लाश लेने से इनकार कर दिया है। परिजनों और संविदा कर्मचारियों की उचित मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति की मांग की है तथा आंबेडकर अस्तताल मर्च्युरी के सामने कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के परिजन और सहयोगी धरने पर बैठ गए हैं। बिजली विभाग के संविदा लाइनमैन्स ने मांग पूरी नहीं होने पर राष्ट्रीय मार्ग जाम करने की चेतावनी दी है।

इस संबंध में विभाग के संविदा कर्मचारियों का कहना है कि कर्मचारियों के साथ हमेशा शोषण होता रहता है। हम कर्मचारी अगर काम न करे तो विभाग बैठ जाएगा, लेकिन सिस्टम चाहता है कि हमारा हमेशा शोषण ही होता रहे। कर्मचारियों का कहना है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। अगर हमारी मांग को नहीं सुना जाता है, तो हम राष्ट्रीय राजमार्ग का जाम करेंगे।

ज्ञात हो कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड रावणभाठा के पास बिजली सब स्टेशन में काम के दौरान दो लाइनमैन करंट से झुलस गए थे, जिससे एक लाइनमैन श्रीराम पटेल की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरा लाइनमैन अमित साहू गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हल्दी व धनिया की नई प्रजाति की विकसित

**रायगढ़ ।** अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परियोजना की वार्षिक बैठक कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें रायगढ़ के वैज्ञानिकों के शोध से विकसित धनिया एवं हल्दी के नई प्रजातियों का राष्ट्रीय स्तर पर विमोचन हेतु पहचान किया गया। जिन्हें केन्द्रीय विमोचन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरांत दोनों प्रजातियों को बीज उत्पादन श्रृंखला में लाया जाएगा।



ज्ञात है कि धनिया की एक प्रविष्ठी जिसे प्रस्ताव में छत्तीसगढ़ राज्य धनिया-3 के नाम से सम्मिलित किया जाएगा। धनिया की यह प्रविष्ठी देश के 10 प्रदेशों के लिए विमोचित होगी। वहीं दूसरी तरफ हल्दी की जो एक प्रविष्ठी है उसे छत्तीसगढ़ राज्य हल्दी-3के नाम से सम्मिलित किया जाएगा यह प्रविष्ठी देश के 7 प्रदेशों के लिए विमोचित होगी तथा विमोचन के बाद इन प्रजातियों के बीज का विभिन्न वर्गो में उत्पादन भी किया जा सकेगा। इन प्रजातियों के प्रमुख प्रजनक वैज्ञानिक डॉ.श्रीकांत सांवरगावकर ने बताया कि धनिया एवं हल्दी की ये दोनों प्रजातियां किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं लाभदायक है। जो कि किसानों के बाजार के अनुरूप है। इनके उत्पादन से किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकते है। इन प्रजातियों की उत्पादन ज्यादा एवं गुणवत्ता अच्छी है। इनक फसल अवधि प्रचलित प्रजातियों से थोड़ा कम है।

परियोजना के प्रमुख अन्वेषक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने बताया कि इन दोनों प्रजातियों से छत्तीसगढ़ के ही नहीं अपितु अन्य राज्यों के किसानों को भी इनका लाभ मिलेगा। इन प्रजातियों में रोगों एवं कीटों के प्रति प्रतिरोधकता अधिक है। इन प्रजातियों का उत्पादन लागत कम होने एवं उत्पादन अधिक होने से कृषकों को अधिक लाभ मिलेगा।

## कैंसर स्क्रीनिंग के लिए 5 अक्टूबर को लगेगा निशुल्क शिविर

**» कैंसर मरीजों को चिन्हित करने को राज्य में निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविरों का होगा आयोजन**

**» 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चिन्हित जिलों मे लगेंगे शिविर**

**रायगढ़ ।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका यदि समय पर पता चलजाये तो इसकी गंभीरता को कम किया जा सकता है और इस बीमारी से लोगों की जान बचायी जा सकती है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के चिन्हित जिलों में 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तकनिशुल्ककैंसर स्क्रीनिंगशिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कैंसर के संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा ताकि उनका समुचित उपचार किया जा सके।अतःऐसे लोगजिनमें कैंसर के लक्षण हैं या उन्हें यह संदेह है कि यह कैंसर हो सकता है, वहनिर्धारित तिथि व समय पर इन शिविरों में अपनी जांच करासकते हैं और अपने मन की शंका को दूर कर सकते हैं।

इस संबंध मे संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पत्र जारी कर संबन्धित जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। निशुल्ककैंसर स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन जिला चिकित्सालयों में संचालित दीर्घायु वार्ड के अंतर्गत निर्धारित तिथि परकिया जाएगा। निशुल्ककैंसर स्क्रीनिंग शिविर में दिल्ली के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेंडारकर एवं उज्जैन मध्य प्रदेश के कीमोथेरेपी नोडल अधिकारी डॉ. सीएम त्रिपाठी अपनी सेवाएं देंगे।



**स्वास्थ्य केन्द्रों पर संभावित कैंसर मरीजों की होगी लाइन-लिस्टिंग -** लोगों को कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का लाभ दिलाने के लिए हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैंसर के संभावित मरीजों की सूची तैयार की जाएगी ताकि निर्धारित तिथि पर शिविर में विशेषज्ञों द्वारा संभावित मरीजों की जांच कराई जा सके और उनको समुचित उपचार मिल सके। इसके अतिरिक्त लोग स्वयं भी जाकर शिविर में अपनी जांच करा सकते हैं। कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए किया जाएगा।

**होगा व्यापक प्रचार-प्रसार -** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया कैंसर बीमारी का यदि समय पर पता चल जाए तो इसकी गंभीरता को कम किया जा सकता है।इससे लोगों की जान बचाई जा सकती है। निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर में कैंसर के संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें चिन्हांकित किया जाएगा। ताकि उनका समुचित उपचार हो सकेनिशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इन शिविरों में अपनी जांच करा के लाभान्वित हो सकें।

**कब कहां आयोजित होगा कैंप -** तय कार्यक्रम के तहत निशुल्ककैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन 28 सितंबर को राजनांदगांव व बालोद जिले में, 29 को धमतरी व कांकेर में, 30 सितंबर को दंतेवाड़ा और सुकमा, 1 अक्टूबर को बस्तर व नारायणपुर जिले में, 2 को बेमेतरा व बिलासपुर, 3 को अंबिकापुर व सूरजपुर, 4 को बलरामपुर, जशपुर और 5 अक्टूबर को जांजगीर व सारंगढ़ (रायगढ़) जिले में आयोजित किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480